भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतरांकित प्रश्न संख्या 3133
गुरुवार, 21 दिसंबर, 2023 / 30 अग्रहायण, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

नांदेड़ से उड़ान

3133. श्री हेमन्त पाटिल:
श्री एस.मुनिस्वामी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में नांदेड़ और अन्य विमानपत्तनों से उड़ानें शुरू करने का है;

(ख) यदि हां, तो उक्त प्रयोजनार्थ वित्तीय परिव्यय का ब्यौरा क्या है और इसकी समय-सीमा कितनी है और इससे किस गंतव्य को जोड़ने का निर्णय लिया गया है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) से (ग) नांदेड़ हवाईअड्डा वर्तमान में एक बिना लाइसेंस वाला हवाईअड्डा है, जिसका प्रबंधन मैसर्स नांदेड़ एयरपोर्ट लिमिटेड (रिलायंस एयरपोर्ट डेवलपर्स लिमिटेड का एसपीवी) द्वारा किया जाता है।

उड़ान 5.0 के तहत, नांदेड़ हवाईअड्डे को आदमपुर, पटना, गोवा, पुणे, अहमदाबाद, हैदराबाद और बेंगलुरु से जोड़ने वाले आरसीएस मार्ग चयनित एयरलाइन प्रचालकों को अवार्ड किए गए हैं, जो हवाईअड्डे को लाइसेंस प्रदान करने के बाद शुरू किए जा सकते हैं।

हवाईअड्डे को लाइसेंस दिए जाने के बाद, आरसीएस-उड़ान के अंतर्गत अवार्ड किए गए विशिष्ट मार्गों को छोड़कर कोई अन्य वाणिज्यिक एयरलाइन भी नांदेड़ से उड़ानें शुरू कर सकती है।

****